17 APRIL - janj PG-01_Layout 1 4/17/2024 10:19 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 18 अप्रैल 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

4 3 माह में दो हजार से भी अधिक लोगों के लिए संजीवनी बनी 108



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस प्रत्याशी डहरिया आज भरेंगे नामांकन



**जांजगीर-चांपा।** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ शिव डहरिया गुरूवार 18 अप्रैल को नामांकन भरेंगे। इसके साथ ही आमसभा का आयोजन रखा गया है। नामांकन व आमसभा कचहरी चौक में दोपहर 12 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, सभी विधायक गण, प्रदेश कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे। जिला कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार ने सभी को पहुंचने की अपील की है।

### 7 मई को मतदान के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेंगी मदिरा दुकाने

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग, मंत्रालय के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आकाश छिकारा ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण के मतदान तिथि मंगलवार 7 मई को जिले में स्थित समस्त मदिरा दुकानों को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से अर्थात 5 मई को सायं 6 बजे से 7 मई तक सम्पूर्ण दिवस के लिए तथा मतगणना तिथि 4 जून मंगलवार को जिले के देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान जांजगीर, देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान नैला, प्रीमियम शॉप जांजगीर, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान खोखरा, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान पिसौद, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान सरखो एवं मद्यभाण्डागार जांजगीर को संपूर्ण दिवस के लिये बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि व शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### 100 मिनट के अंदर शिकायत करने पर की जाएगी कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल मोबाइल एप जारी किया गया है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। इसके लिए अब उसे निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर में आने की जरूरत नहीं होगी। इस एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत होने पर समय रहते कार्रवाई की जाएगी। सी-विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होते हुए उड़नदस्ता तुरंत मौके पर पहुँच कर जरूरी कार्रवाई करेगा। इस ऐप के माध्यम से आने वाली हर शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्ग की हत्या करने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** सकर्रा गांव में बुजुर्ग की हत्या करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें एक नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। मामला मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम सकर्रा का है। विगत दिवस बुजुर्ग समारूलाल सारथी की लाश मिलने की सूचना मिली थी। तत्पश्चात शव का पीएम कराया गया। पूछताछ के दौरान लूट की नियत से आरोपी भुवनेश्वर सारथी बुजुर्ग के घर में घुसा। इस दौरान चोरी एवं लूटपाट होने की अंदेशा जब बुजुर्ग उठा तो इस दौरान लूटपाट का विरोध करने पर समारूलाल सारथी की पीट पीटकर कर व गला घोटकर हत्या कर दी और शव को घर से 2 सौ मीटर तालाब में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी भुवनेश्वर सारथी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं नाबालिग बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में मालखरौदा पुलिस का सराहनीय योगदान रहा।



नैला राममंदिर से निकली शोभायात्रा



शोभायात्रा के दौरान निकाली गई झांकी




दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पास शोभायात्रा के समापन अवसर पर जुटी भीड़

### नवमीं पर राममय हुआ शहर सहित अंचल, गाजे बाजे व आतिशबाजी के साथ निकली शोभायात्रा, जगह जगह हुए धार्मिक अनुष्ठान

# भये प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी...

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमीं पर लोगों में गजब का उत्साह नजर आया। आयोजन को लेकर शहर सहित अंचल पूरी तरह से राममय हो गया। जगह जगह राम दरबार की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई तो मंदिरों में भजन कीर्तन के अलावा सार्वजनिक जगहों पर भोग प्रसाद वितरण व भंडारे का भी आयोजन हुआ।

रामनवमीं को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर में बीते सप्ताह भर से तैयारी चल रही थी। नवमीं तिथि पर शहर की सड़कें पूरी तरह से राममय रही। सुबह के समय मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर भये प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी की चौपाईयां और राम भक्ति के धुन गुंजते रहे, तो उधर मंदिरों में पूजा अर्चना का दौरान चलता रहा। इधर शहरवासियों द्वारा राम नवमीं के अवसर पर श्री राम मंदिर नैला से श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर तक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जो मुख्य मार्गों से होते हुए नेताजी चौक, कचहरी चौक होते हुए पुराना रेस्ट हाउस के सामने स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। हनुमान मंदिर पहुंचने के बाद हनुमान जी की महाआरती की गई। वहीं हनुमान चलीसा का पाठ हुआ। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया व शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में नगरवासी बड़ी में शामिल हुए। शोभा यात्रा का मार्ग में अनेक जगहों पर पटाखे फोड़कर तथा शीतल पेय से नगरवासियों ने स्वागत किया। इसके अलावा शोभा यात्रा के मार्ग में आने वाले अनेक घरों के सामने महिलाओं ने रंगोली बनाकर तथा दीप जलाकर रामभक्तों का सम्मान किया। रामभक्त भगवा झंडे लेकर शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा को भव्य बनाने शहर के कचहरी चौक से लेकर नेताजी चौक होते हुए नैला श्रीराम मंदिर तक तोरण एवं झण्ड़े लगााकर सजाया गया था। शोभा यात्रा में जनप्रतिनिधि सहित विभिन्न समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। खास करके नारी शक्ति ने शोभा यात्रा में अपनी सहभागिता निभाई। इसके अलावा डीजे की धून पर भगवान राम का गुणगान करते भक्तों की टोली भगवा ध्वज लहराते शहरी में निकली तो पूरा माहौल राममय नजर आने लगा। पूरा शहर तोरण व झंडों से पट गया था।

## रामनवमीं पर भक्तों को किया प्रसाद वितरण



श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करते अग्र समाज के लोग।

**शिवरीनारायण।** श्रद्धा , भक्ति और विश्वास कि पुण्य धरा भगवान नारायण की नगरी शिवरीनारायण में आदि काल से रामनवमी के दिन बहुत धूमधाम से राम जन्म उत्सव मनाया जाता है। जहां आने जाने वाले लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। बुधवार 17 अप्रैल को टेंपल सिटी नगर के मुख्य मन्दिर श्री नरनारायण मन्दिर, मठ मन्दिर, राधाकृष्णन मन्दिर और अन्य सभी मन्दिरों को पुष्प गुच्छों से सजाया गया। इस देश व्यापी महा उत्सव को लोग अपने- अपने तरीके से मना रहे हैं। नगर के मड़वाडी अग्रवाल सभा द्वारा दुर - दुर से आए भक्तों को बिस्किट , जल जीरा पानी, शर्बत और अन्य गर्मी से राहत देने वाले पेय पदार्थ निः शुल्क जन सेवा के रूप में वितरण किया जा रहा है। रामनवमीं को लेकर पूरा शहर तोरण व झंडों से पट गया था। जिससे वातावरण पूरी तरह से राममय हो गया था।

## श्रीराम धाम में श्री राम जानकी का हुआ प्राण प्रतिष्ठा



**नैला-जांजगीर।** सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर श्री राम धाम ग्राम कुलीपोटा में श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर उपस्थित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा-अर्चना की। गौरतलब है कि सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर श्री राम धाम ग्राम कुलीपोटा में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान महोत्सव के आयोजन गुरुवार 12 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ था। महोत्सव के दूसरे दिन वेदीपूजन एवं जलाधिवास हुआ। इसके बाद 13 अप्रैल को धान्याधिवास तथा 14 अप्रैल को पुष्पाधिवास एवं फलाधिवास के अनुष्ठान किए गए। मंगलवार 16 अप्रैल को शाम चार बजे श्री राम मंदिर नैला से भव्य शोभायात्रा व निशान यात्रा निकाली गई। बाजे गाजे, कर्मा दल , डीजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए भक्त गण जांजगीर कचहरी चौक पहुंचे। यहां से सभी कुलीपोटा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। महोत्सव के अंतिम दिन बुधवार 17 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम संपन्न हुआ। वृंदावन से पधारे स्वामी यदुनंदन सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में उपस्थित गुरुदेव गोस्वामी गोविंद बाबा, आचार्य पवन कृष्ण महाराज, गुरुदेव नित्यानंद महाराज ने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के कार्यक्रम संपन्न कराया।

# पेड़ से टकराई बाइक, बहन की डोली से पहले उठी भाई की अर्थी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

**खास बात**

- अकलतरा के एफसीआई गोदाम के पास हुआ हादसा



दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

एफआईसी गोदाम के पास सड़क किनारे तेज रफ्तार बाइक सवार पेड़ से टकरा गया। हादसे में युवक के सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। पूरा मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीडीह का है। मृतक युवक की पहचान मंथन सोल्डे उम्र 18 वर्ष निवासी अकलतरा वार्ड नंबर 16 के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक मंथन की बड़ी बहन की शादी समारोह उसके घर पर चल रहा है। हल्दी के बाद वह किसी काम से बाइक से घर से निकला था, जिसकी जानकारी परिवार के किसी अन्य सदस्य को नहीं थी। बताया जा रहा है कि मुरलीडीह के एफआईसी गोदाम के पास पहुंचा था, तभी बाइक की स्पीड अधिक होने से कंट्रोल नहीं कर सका। सड़क किनारे लगे पेड़ से बाइक टकरा गई। इससे मंथन के सिर पर गंभीर चोटें आई। सिर से अधिक खून बह गया था। साथ ही बाइक के भी परखच्चे उड़ गए हैं। डॉक्टर ने जांच बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। रास्ते से आने जाने वाले राहगीरों ने युवक को घायल अवस्था में देखा और डॉयल 112 को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक मंथन के अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने जांच बाद मृत घोषित कर दिया।बड़ी बहन की आने वाली थी बारात मृतक मंथन की बड़ी बहन की शादी हो रही थी, जिसके लिए मंगलवार को बारात आनी थी। पूरे परिवार में खुशी का माहौल था। बहन की बारात 8 बजे आने वाली थीं। उससे पहले ही युवक मंथन की मौत हो गई है। शादी वाले घर में खुशी के बजाय मातम का माहौल है। अकलतरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्यूरी में रखा गया है। बुधवार 17 अप्रैल को शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### व्यावसायी के घर हुई चोरी का चौथे दिन भी नहीं लगा सुराग

**जांजगीर-चांपा।** नगर के बाराद्वार रोड में स्थित राइस मिल एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायी प्रकाश चंद गोयल के निवास से दस लाख रूपये नकदी और सोने चांदी के जेवर सहित 76 लाख रूपये की हुई चोरी के मामले में दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा। शुकवार की रात प्रकाशचंद गोयल के घर से आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर और नकदी रकम सहित लाखों रूपये की हुई चोरी ने चोरों को मुश्किल में डाल दिया है। वहीं इधर वारदात के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली और कोई सुराग नहीं लगा है जिसके आधार पर पुलिस चोरों तक पहुंच सके। इस संबंध में नगर निरीक्षक विवेक शर्मा ने बताया कि टीम गठित की गई है जो अलग अलग बिंदुओं में जांच कर रही है।

## 3 लाख 21 हजार मवेशियो में लगाए जाएंगे टीके

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**



गौवंशीय एवं भैसवंसीय मवेशियो को विभिन्न तरह की बीमारियो से बचाव को लेकर टीके लगाए जाएगें। जिले में 3 लाख 21 हजार मवेशियो को टीका लगाया जाना है। जिसमें 2 लाख 55 हजार टीके विभाग को मिल चुके है। कई बार समय पर टीका नही लग पाने के चलते मवेशियो की जान तक चली जाति है।

जांजगीर जिले में गौवंश एंव भैसवंशीय मवेशियो की संख्या 3 लाख 21 हजार से भी अधिक है। इन मवेशियो को बरसात लगने के पूर्व हर हालत में टीका लगाया जाना जरूरी रहता है। इनमें से 2 लाख 55 हजार टीका पशु चिकित्सा विभाग को मिल चुका है। वही टीका लगाने का कार्य अप्रैल मई एंव जून माह तक पूरा भी करना है। ताकि मवेशियो को वीएचआर टाक्सीन नामक रोग से बचाया जा सके। इस तरह की बीमारी में मवेशियो के गले एंव पैर में समस्या आ जाती है। इस बीच मवेशियो को घास फुस खाने के साथ चलने फिरने में भी काफी परेशानी होती है। हालांकि पहले की अपेक्षा गाय भैस पालने वाले किसान एंव आम लोगो की संख्या कम हो गई है। लेकिन इन सबके बावजूद मवेशियों का पालन पोषण बडी संख्या में किया जा रहा है। मवेशियों में प्रमुख रूप से बरसात एवं ठंड के समय में बीमारी होती है। वही बीमारियो से बचाव के लिए टीके लगाया जाना आवश्यक रहता है।

**लगाए जाएगें टीके**

गौवंशीय एंव भैसवंशीय मवेशियो के अलावा भेड एंव बकरियो को बीमारियो से बचाव को लेकर टीके लगाए जाएगें। वही टीकाकरण के लिए वैक्सीन भी उपलब्ध कराई जा चुकी है।

-डा. ए एल सिंह,
उपसंचालक
पशु चिकित्सा एंव स्वास्थय सेवाएं

## 23 को आएंगे प्रधानमंत्री मोदी, जेठा में होगी सभा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती**

**खास बात**

- बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में जनता को करेंगे संबोधित



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन जांजगीर-चाम्पा लोकसभा के जिला सक्ती के ग्राम जेठा मे हो रहा है। जहां विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए बी जे पी प्रत्याशी श्री मति कमलेश जांगड़े के पक्ष मे उपस्थित जनता को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री अपने चुनाव प्रचार अभियान और 400 पार के लक्ष्य को लेकर देश की जनता के बीच मे अपनी बात को नरेंद्र मोदी कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश के कोने कोने तक जा रहे है। उनकी जनसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने व प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बड़े स्तर से तैयारी शुरू कर दी है। उनके साथ मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह, उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रभारी ओपी चौधरी सहित प्रदेश व जिला स्तर के सभी नेतागण मौजूद रहेंगे। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र के आमजन व भाजपा कार्यकर्ताओ मे हर्ष व्याप्त हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने व प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बड़े स्तर से तैयारी शुरू कर दी है। वहीं स्थल निरीक्षण किया जा रहा है।

### ग्राम सिलादेही के महानदी में बने पुल हादसे को कर रहा आमंत्रित

# घटिया निर्माण से कुछ सालों में ही झांकने लगा सरिया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी**



जर्जर पुल से बाहर झांक रहा सरिया।

बम्हनीडीह विकासखंड का सिलादेही के महानदी में बने पुल काफी जर्जर हो गया है। इस पर चलने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल की यह हालात निर्माण एजेंसी द्वारा उपयोग किए गए घटिया सामग्री की वजह से हुई है और पुल स्तरहीन बन गया है जो आज लोगों को साफ दिखाई दे रहा है।

बम्हनीडीह विकासखंड का सिलादेही के महानदी में बने पुल काफी जर्जर होने के साथ सरिया बाहर झांक रहा है। पुल की ऊपरी परत उखड़ कर निकल रही है और छड़ बाहर निकल रहा है। वहीं पुल के जोड़ों में लगे लोहे की रॉड उखड़ गया है। पुल आज पूरी तरह जर्जर हो गया है। उसी में हर रोज ओवरलोड वाहन भी चल रहे हैं। जिससे पुल को और खतरा मंडरा रहा है पुल की अगर जल्द से मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी पुल में बड़ी घटना घट सकती है। यह पुल सिलादेही और केरा को जोड़ने वाला एकमात्र पुल है। पुल के ऊपर से गुजरने वाले राहगीर और वाहन चालक अपनी जान हथेली में लेकर गुजरते है। यह मार्ग बिर्रा केरा,शिवरीनारायण, बिलासपुर मुख्य मार्ग है। यह मार्ग में भारी भरकम मालवाहक तथा सवारी बसें सहित अन्य छोटी बड़ी गाडियां इस क्षतिग्रस्त पुल के ऊपर से गुजरती हैं। पुल के टुटे हुए काफी समय बीत जाने के बावजूद भी जिम्मेदार शासन प्रसाशन के अधिकारी कर्मचारी पुल के मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। लगता है कि प्रशासन को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है। सिलादेही हसदेव पुल अत्यधिक जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। पुल में लगे सरिया भी दिख रहा है। जगह जगह पर गढ्ढे निर्मित हो चुके हैं। इसकी वजह से आये दिन छोटी मोटी दुर्घटनाएं घटित होना आम बात हो गई है। जांजगीर चांपा जिले के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी व नेतागण वक्त पुलिया को पार कर हमेशा आते जाते हैं, लेकिन जिम्मेदार व्यक्ति इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

**कराया जाएगा कार्य प्रारंभ**

बम्हनीडीह विकासखंड का सिलादेही के महानदी में बने पुल काफी जर्जर हो गया है। लेबर नहीं होने कारण काम रूका हुआ, लेबर आते ही काम प्रारंभ किया जायेगा।

-आर. के वर्मा,
एसडीओ
सेतु विभाग

## धूप में निकलने से पहले सर कानों को अच्छी तरह ढंके

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की कमी हो जाना होता हैं। अतः इससे बचाव के लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जावें, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में न पीयें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीयें, चक्कर आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया ने बताया कि हिट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है, जब वातावरण का तापमान 40°C या 104°F से ज्यादा हो तो हीट वेव (लू) की स्थिति उत्पन्न होती है, इसका असर बच्चों, बुजुर्गों एवं गंभीर लक्षण बीमारी वाले लोगों में सर्वाधिक होता है। इसमें सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जाएं। अगर लू के चपेट में आ जाये तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

## खबर संक्षेप

### संविधान खतरे में, सिविल सोसायटी को आगे आना होगा: शाह

**कोरबा।** भाजपा की मोदी सरकार देश के मौजूदा संविधान को परिवर्तित कर तानाशाही शासन व्यवस्था लागू करना चाहती है। भारत का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है और इसे बचाने के लिए सभी प्रकार के सामाजिक संगठनों को मुखर होकर आगे आना होगा। वर्तमान भाजपा की मोदी सरकार वास्तव में कार्पोरेट सरकार है जो कुछ चुनिन्दा उद्योगपतियों के हाथ की कठपुतली बन गई है। उक्त बातें प्रेस क्लब तिलक भवन कोरबा में पत्रकारवार्ता के दौरान छतीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष के आर शाह ने कही। उन्होंने कहा कि इस सरकार से सबसे बड़ा खतरा देश के आदिवासियों और उसके जल, जंगल, जमीन को है। श्री शाह ने कहा कि वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने वन भूमि अधिकार अधिनियम में संशोधन कर पांचवी व छठवी अनुसूची वाले आदिवासी क्षेत्रों की भूमि को बिना ग्राम सभा अनुमति के अधिग्रहित करने का कानून संसद में पास करा लिया है। मोदी सरकार पुनः सत्ता में आयेगी तो बस्तर और सरगुजा की जमीने उद्योगपतियों को दे दी जायेगी। देश तेजी से अधिनायकवाद की ओर बढ़ रहा है। स्वायत्त संस्थाओं पर शासन का पूर्णतया नियंत्रण है। देश में एक प्रकार से अघोषित आपातकाल की स्थिति है।लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को भी स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करने से रोका जा रहा है। सारा विपक्ष भयभीत है। मध्य भारत की इकलौती आदिवासी झारखण्डी सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जमीन घोटाले में ईडी ने गिरफ्तार कर जेल में डाल रखा है। मामला राजस्व से संबंधित है लेकिन कार्यवाही ईडी कर रही है, इससे स्पष्ट पता चलता है कि केन्द्र सरकार अपने अधिकारों का दुरूपयोग कर राजनैतिक विद्वेष फैला रहा है।

### आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन जर्जर, हादसे का बना हुआ है खतरा

**चैतमा।** स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के सरकार के दावे की चैतमा आयुर्वेदिक अस्पताल पोल खोल रहा है। जिसका भवन रखरखाव के अभाव में जर्जर हो चला है। स्थिति यह है कि कभी भी किसी भी तरह का हादसा होने पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत चैतमा के आयुर्वेदिक चिकित्सालय का भवन जर्जर होने के कारण चिकित्सक व मरीजों को हमेशा अनहोनी का भय बना रहता है। इसके बाद भी निर्माण को लेकर किसी स्तर से नहीं ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए करीब चार दशक पहले ग्राम पंचायत में स्थापित कराए गए। आयुर्वेदिक अस्पताल के भवन की दशा अत्यंत जर्जर हो चुका है। दीवार में कई जगह दरारें आ गई हैं, जो बारिश में छत से पानी टपकता है,जबकि इस अस्पताल में आस-पास के करीब तीस गांवों के लोग उपचार के लिए आते हैं। आयुर्वेदिक अस्पताल में जहाँ भले ही रोजाना मरीजों का उपचार होता हो, लेकिन यह अस्पताल खुद पूरी तरह से बीमार है। अस्पताल का भवन पूरी तरह जर्जर होने के कारण अस्पताल के स्टाफ को किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। आयुर्वेद अस्पताल में पहले की अपेक्षा अब मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है। वहीं दूसरी तरफ आयुर्वेद अस्पताल की स्थिति दयनीय है।

### शव छिपाने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** जंगली सुअर मारने के लिए लगाए गए तार के संपर्क में आने पर करंट की चपेट में आकर किशोर की मौत 2023 दिसंबर में हुई थी। घटना के बाद उसके साथियों ने उसके शव को पहाड़ के ऊपर ले जाकर छुपा दिया था और मृतक के परिजन को बताया कि किशोर कहीं लापता हो गया है। पुलिस ने जांच की तो मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। जिसमें से एक आरोपी दशरथ यादव पिता अमरसाय यादव उम्र 32 वर्ष कुटेशर नगोई निवासी घटना के बाद से फरार हो गया था। कटघोरा पुलिस ने फरार आरोपी दशरथ यादव को मुखबीर की सूचना पर कोरबा से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।


आरोपी

### खेल मैदान में आयोजित हुआ भव्य कवि सम्मेलन

# चंद्रपुर के सांस्कृतिक महोत्सव में कवियों को सुनने उमड़े श्रोता




सांस्कृतिक महोत्सव के चौथे दिन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते कवि।


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रोता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

चन्द्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर हो रहे सांस्कृतिक महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चौथे दिन 16 अप्रेल कों अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। माँ चन्द्रहासिनी एवं गोपाल महाप्रभु की पावन धराए माँ चित्रोंत्पला के पावन तट चंद्रपुर में आयोजित इस कवि सम्मेलन मे देश के सर्वोच्च कविगण साहित्य एवं कला संस्कृति के इस नगर में मंच साँझा किए।

इस अवसर पर कवि डॉ अनामिका अंबर, सौरभ जैन, हिमांशु बवंडर, प्रबुद्ध सौरभ, स्वयं श्रीवास्तव जैसे नामचीन कवियों ने काव्य पाठ किया। मंदिर न्यास की ओर से न्यासी एवं कोषाध्यक्ष अजीत पाण्डेय ने मंच संचालित किया। मंच संचालन के दौरान उन्होंने पद्मश्री मुकुटधर पाण्डेय की कविता की लिखी ये पंक्तिया कवियों के सम्मान में समर्पित की।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सुनील लेंधरा, रामपुकार सिंह पूर्व केबिनेट मंत्री, अजय अग्रवाल, तायल सम्मिलित हुए। आमंत्रित अतिथियों ने माँ चन्द्रहासिनी के छाया चित्र पर फूल पूजन अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन के दौरान कवि सौरभ जैन ने कहा हमारे लिए गर्व का विषय है की साहित्य के लिए जाने जाने वाले इस माँ चन्द्रहासिनी के धाम मे कवि सम्मेलन में उपस्थित है। वही कवि स्वयं श्रीवास्तव ने काव्य पाठ के दौरान कहा साहित्य रूपी दीपक कों इस अंचल से छायावाद का नाम देकर प्रज्वलित करने वाले पद्मश्री मुकुटधर पाण्डेय कों हमने पढ़ा है और उनके साहित्य सेवा से परिचित है हमारा सौभाग्य है की उनके जन्म क्षेत्र मे उनके वंशजो के बिच हमें माँ चन्द्रहासिनी के आशीर्वाद से काव्य पाठ का अवसर मिला है। यह कवि सम्मेलन स्टार पोयेट अनामिका के संयोजन में सौरभ जैन के संचालन में हिमांशु बवंडर स्वयं श्रीवास्तव प्रबुद्ध सौरभ के काव्यपाठ से शोभित हुआ। सौरभ सुमन ने अपनी ओज भरी कविताओं से श्रोताओं कों जागृत किया तो प्रबुद्ध सौरभ की मशहूर पंक्ति मिरी आँखों से हिजरत का वो मंज़र क्यूँ नहीं जाता बिछड़ कर भी बिछड़ जाने का ये डर क्यूँ नहीं जाता अगर ये ज़ख़्म भरना है तो फिर भर क्यूँ नहीं जाता। अगर ये जान.लेवा है तो मैं मर क्यूँ नहीं जाता। अगर तू दोस्त है तो फिर ये ख़ंजर क्यूँ है हाथों में अगर दुश्मन है तो आख़िर मिरा सर क्यूँ नहीं जाता। कों पढ़ा तो हास्य कवि हिमांशु बवंडर ने हसा हँसा कर लोट पोट कर दिया।

स्वयं श्रीवास्तव ने अपनी प्रसिद्ध लाइने पढ़ी। हम सोचने लगे कि यार लौट चले क्या फिर सोचा यार छोड़ो चल पड़े तो चल पड़े। तो वही डॉ अनामिका अंबर के गायन एवं काव्य पाठ ने दर्शकों कों देर तक थिरकने और वाह वाह करने मजबूर कर दिया। उन्होने राम से लेकर प्रेम तक के विषय पर काव्य पाठ करते हुए खूब वाह वाह बटोरी। चंद्रपुर में आयोजित यह कवि सम्मेलन पूर्णतः सफल रहा और दर्शकों ने खूब आनंद लिया। सौरभ जैन सभी कवियों ने कहा की जनता ने बड़े मन से कार्यक्रम कों सुना।

## आधीरात को कलेक्टर-एसपी ने किया चेकिंग पॉइंट का निरीक्षण


चेक पाइंट की जानकारी लेते कलेक्टर व एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ तिवारी सोमवार की रात लोकसभा निर्वाचन के लिए गठित स्थैतिक जांच दलों और उड़नदस्तों द्वारा जिले के महत्वपूर्ण स्थानों पर की जा रही जांच व कार्यवाही की टोह ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उच्चभट्ठी, उमरेली और लबेद (तुमान) में स्थैतिक निगरानी दल द्वारा जाँच पॉइंट पर की जा रही जांच को न सिर्फ देखा, बल्कि जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने और बरती जाने वाली सतर्कता और सावधानियों को लेकर भी उन्होंने महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए हैं। लोकसभा निर्वाचन के लिए गठित स्थैतिक जांच दलों और उड़नदस्तों के प्रत्येक दल में एक मजिस्ट्रेट सहित सहायक अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस कर्मी चेक पोस्ट पर कार्यरत हैं। यह दल प्रमुख मुख्य मार्गीय सड़कों, जिले की सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित कर जांच अभियान में जुटा है और अपने क्षेत्र में अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला-बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर भी नजर रख रहा है। जांच किये जाने की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है तथा निर्धारित फार्मेट में दैनिक कार्यकलाप की रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में हो रही इस जांच में सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश है।

### 14 चेकपोस्टों में 12 उड़नदस्ता सक्रिय

जिले के लोकसभा क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाएं रखने तथा जांच के लिए कुल 14 चेकपोस्ट बनाएं गए हैं, जहां स्थैतिक निगरानी दल कार्यरत है। यहां तहसीलदारों को नोडल अधिकारी बनाते हुए तीन पाली में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे, दो बजे से रात्रि 10 बजे और रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे का शिप्ट निधारित किया गया है। विधानसभा रामपुर अंतर्गत कुदमुरा, ठेंगरीमार, रामपुर, उमरेली, लबेद, उच्चभट्ठी, कनकी में, कटघोरा विधानसभा अंतर्गत सरईसिंगार, कसियाडीह बेरियर, पाली-तानाखार विधानसभा अंतर्गत लाफा बेरियर, बगदेवा, अमझर, कोरबी बेरियर, मोरगा बेरियर में टीम तैनात है। इसी तरह जिले में उड़नदस्तों द्वारा भी कार्यवाही की जा रही है। एक-एक विधानसभा क्षेत्रों में 3 दल गठित किए गए हैं। यहां भी तीन पालियों में 24 घंटे टीम तैनात है।

## बस टकराई ट्रेलर से, चालक की मौत, एक दर्जन यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार को डॉल्फिन बस सर्विस की एक बस कोरबा से यात्री लेकर पुरी (उड़ीसा) के लिए रवाना हुई थी मंगलवार की तड़के लगभग 3:30 बजे तेज रफ्तार बस एक ट्रेलर से टकरा गई जिससे बस के चालक की मौके पर मौत हो गई जबकि बस में सवार एक दर्जन यात्री घायल हो गए हैं।

**खास बात**
- कोरबा से पुरी चलती है डाल्फिन बस, मंगलवार की सुबह 3 .30 बजे अंगुल में हुआ हादसा



दुर्घटनाग्रस्त डॉल्फिन बस।

जानकारी के अनुसार डॉल्फिन बस पुरी से कोरबा के बीच संचालित होती है। बताया जाता है कि सोमवार की देर शाम लगभग 25 यात्रियों को लेकर बस पुरी के लिए रवाना हुई थी। उक्त बस मंगलवार की अलसुबह लगभग 3:30 बजे अंगुल से 20 किलोमीटर आगे पहुंची थी कि रेत से भारी ट्रेलर से बस की भिड़ंत हो गई। टक्कर के होते ही बस के सामने के परखच्चे उड़ गए और बस चालक उड़ीसा निवासी तारा प्रसाद 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बस में सवार लगभग एक दर्जन यात्रियों को चोट आई। हादसे के होते ही बस में सवार लोगों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

बताया जाता है कि जिन लोगों को चोट आई है उन सभी को मामूली चौट आयी है जबकि सामने में सवार चालक तारा प्रसाद को ही सबसे गंभीर चोट आई थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। इस घटना की कोरबा पुलिस को उड़ीसा पुलिस ने कोई सूचना नहीं दी है।

* **हरदीबाजार।** ग्राम भलपहरी में गोकुल प्रसाद राठौर एवं श्रीमती मंजू लता राठौर के निवास में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत पुराण कथा श्रवण करने आज सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे विशेष रूप से उपस्थित हुए। वे आयोजित कथा में पहूंच कर व्यासपीठ से कथा वाचक आचार्य पंडित दयानन्द कृष्ण महराज से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं अंचल के लोगों के सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान ग्राम के गणमान्य नागरिकों से सनातन धर्म एवं संस्कृति के विषय पर चर्चा की।

## अब तक जिले के जंगल में 259 स्थानों में उठ चुकी हैं लपटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले का तापमान 40 डिग्री के पार जा पहुंचा है। ऐसे में जंगलों में भी आग लगने का सिलसिला बदस्तूर जारी हो चुका है। जंगल में आग लगने की वजह से वन्य प्राणियों की जान लगातार सांसत में नजर आ रही है तो वहीं दूसरी ओर बेशकीमती बहुमूल्य वन औषधि भी जलकर खाक हो रहे हैं। इस वर्ष कोरबा वनमंडल में अब तक आग लगने की घटना में लगातार इजाफा हुआ है जिससे वन अमला परेशान है।

उल्लेखनीय है कि फरवरी के महीने से अग्नि सीजन शुरू हो जाता है। जंगल को आग से बचाने के लिए वन विभाग द्वारा हर वर्ष लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं और इसके लिए आगजनी की घटना को रोकने के लिए तैयारी भी की जाती है लेकिन जैसे-जैसे गर्मी तेज होती जाती है जंगल में आग लगने की घटना का सिलसिला शुरू हो जाता है। अप्रैल के इस महीने में आगजनी की घटना लगातार वनांचल क्षेत्र में सामने आ रही है। कटघोरा वनमंडल में अब तक 115 स्थानों में तो कोरबा वनमंडल में 144 स्थानों में आगजनी की घटना सामने आयी है। कुल 259 स्थानों में आगजनी की घटनाएं सामने आ चुकी है। कोरबा वनमंडल में सबसे अधिक घटनाएं सामने आई हैं। जब इसी तरह कटघोरा वनमंडल का भी इलाका आगजनी से अछूता नहीं है। लगातार दोनों वनमंडल में आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं और जंगल धूं धूं कर जल रहा है। जिससे जंगल में बसने वाले वन प्राणियों की जान हमेशा खतरे पर बनी हुई है तो वहीं दूसरी ओर जंगल जलने की वजह से बेशकीमती बहुमूल्य वन औषधि भी जलकर खाक हो रहे हैं।

### 39 लोगों से 16 लाख रुपए की ठगी, मामला दर्ज

**कोरबा।** बालको कंपनी के चोटिया खदान में काम से बिठाए गए लोगों को पुनः नौकरी दिलाने का झांसा देकर पिता पुत्र ने मिलकर 39 लोगों के साथ ठगी करते हुए लगभग 16 लाख रुपये की वसूली की थी। इस मामले में पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मामला बांगो थाना क्षेत्र की है। चोटिया कोयला खदान में कार्य करने वाले 39 कर्मियों को बालको कंपनी द्वारा छटनी कर वीआरएस भरवा कर 31 अक्टूबर 2020 को नौकरी से हटा दिया गया। सभी 39 कर्मी इस वीआरएस को वापस कर नौकरी करना चाहते थे, इसी कड़ी में रोशन बघेल ग्राम गुरसिया पोंड़ी उपरोड़ा निवासी से मिले जो अपनी पहुंच मंत्रालय तथा बालको के उच्च अधिकारियों तक होना बताया एवं फिर से बालको में नौकरी 6 माह के अंदर में लगवाने का वादा किया गया और उनसे रोशन बघेल ने किश्तों में 16 लाख 40 हजार रुपए की उगाही कर ली लेकिन रोशन बघेल के द्वारा ना तो उनकी नौकरी लगवाई गई ।

## देशी कट्टा बेचने कर रहा था ग्राहक की तलाश, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक देशी कट्टा लेकर उसे बेचने की फिराक में घूम रहा था। जैसे ही पुलिस को इसकी भनक लगी पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी कट्टा बरामद किया है। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति राताखर देशी शराब भट्टी के पास अवैध रूप से देसी कट्टा लेकर बेचने के फिराक से घूम रहा है। सूचना पाते ही पुलिस की टीम देशी शराब भट्टी राताखार चौक के पास घेराबंदी कर एक युवक को धरदबोचा। पकड़ा गया युवक पुरानी बस्ती निवासी विशाल साहू उम्र 28 वर्ष पिता ईश्वर प्रसाद साहू था। युवक को हिरासत में लेकर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से देशी कट्टा जप्त किया गया। पुलिस ने विशाल साहू से देशी कट्टा रखने के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने बोले जाने पर किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना बताया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

TOP IN JANJGIR




जाँजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपत्ति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता हैं।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

17- APR-Jash-RAGH--JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/17/2024 8:01 PM Page 1





# अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।

लाइफ Style



# यामी

## आर्टिकल 370 के लिए माना आभार

यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

## हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल

**नई दिल्ली।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।



# स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

**लॉस एंजिलस।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।



# मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

**मुंबई।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

## टीवी मसाला



# कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। निर्माता और प्रमुख अभिनेता विष्णु मांचू कहते हैं, "अक्षय सर के साथ शूटिंग करना वास्तव में किसी रोमांचकारी सफर पर जाने जैसा है। हम फिल्म का क्लाइमेक्स एक साथ शुरू करेंगे। उनके जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता का इस प्रोजेक्ट में शामिल होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है।

## 'मैडनेस मचाएंगे' में परितोष 'टीआरपी मामा' बन करेंगे सबका मनोरंजन




**नई दिल्ली।** 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में परितोष त्रिपाठी अपने लोकप्रिय किरदार 'टीआरपी मामा' की एक छोटी सी झलक से सभी का दिल जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उनका दिल खुशी से भर जाता है। 'कॉमेडी स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कॉमेडी प्रतिभाओं गौरव मोरे, सृष्टि रोडे, बलराज सयाल और सुगंधा मिश्रा का स्वागत किया जाएगा। शो में परितोष न केवल उनके द्वारा किए जाने वाले नियमित हंसी-मजाक का हिस्सा होंगे, बल्कि मेजबान की भूमिका भी निभाएंगे।

# एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।

### ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।



### फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

# मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...



मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।

## इन सितारों की भी दरियादिली देखने लायक


# सोनू सूद ही नहीं, ये बॉलीवुड सितारे भी दिल खोलकर करते हैं दान

***मुंबई।*** *बॉलीवुड सितारे भव्य जीवन जीने के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो इंसानियत नहीं भूलते हैं। नाम, शोहरत और पैसा हासिल करने के बाद भी इन सितारों की दरियादिली देखने लायक होती है। ये सितारे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस सूची में सोनू सूद से सलमान खान तक का नाम है। आईए, जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं।*



### सोनू सूद और सलमान खान

कोरोना महामारी के समय सोनू ने जो किया, उसे कौन भूल सकता है। अभिनेता ने प्रवासी मजदूरों की हर मुमकिन मदद की थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी मदद करते हैं। सलमान भी दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं। वह बीइंग ह्यूमन नाम की एक संस्था चलाते हैं, जिससे बीमारों की मदद की जाती है। इसके अलावा भी वह लोगों की मदद करने के लिए कदम उठाते रहते हैं।



### अक्षय कुमार और आलिया भट्ट

अक्षय कुमार का नाम भी इस सूची में शुमार है। अभिनेता को कई बार प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को दान देते देखा गया है। वह अपनी दरियदिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अपनी खूबसूरती और शानदार अभिनय के लिए सुर्खियों में रहने वाली आलिया भट्ट एक वेलफेयर प्रोग्राम से जुड़कर लोगों की मदद करती हैं। वह कई बार सलाम बॉम्बे नामक संस्थान के जरिए लोगों की मदद करती नजर आती हैं।

### सुष्मिता सेन और प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री सुष्मिता सेन अपने अभिनय के साथ ही लोगों की जमकर मदद करने के लिए भी पहचानी जाती हैं। अभिनेत्री एम फाउंडेशन से जुड़ी हुई हैं और उसके जरिए लोगों की मदद करती हैं। हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक अपना जादू चलाने वाली प्रियंका चोपड़ा का दिल भी बहुत बड़ा है। उनका खुद की दान संस्था है और उन्होंने यूनिसेफ के साथ जुड़कर भी काम किया है।





### शाहरुख खान और आमिर खान

सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी कोरोना के समय लोगों की मदद की थी। इसके साथ वह एक एनजीओ भी चलाते हैं, जिससे वो गरीबों की मदद करते हैं। कथित तौर पर शाहरुख ने विभिन्न सामाजिक कारणों के लिए काम करने वाली 10 से अधिक चैरिटी संस्थानों के साथ साझेदारी की है। आमिर खान को भी अक्सर दान करते देखा जाता है। वह उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों की मदद कर चुके हैं। इसके अलावा भी वह बहुत कुछ करते हैं।

# इस फिल्मकार के साथ काम करना चाहती हैं नोरा

***मुंबई।*** *बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही, हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया।*



***देवदास देखकर आया अभिनेत्री बनने का आइडियाः*** *नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे।*

**खबर संक्षेप**

## दर्जनों ग्राम पंचायतों में घंटो बिजली सेवा बाधित

**जांजगीर-चाम्पा।** बिजली की आंख मिचौली होने से ग्रामीण इन दिनों खासे परेशान है। विद्युत मंडल द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के दिन हो या रात कभी भी बिजली गुल कर दी जा रही है। अप्रैल माह में पड़ रही गर्मी एवं बिजली की आवाजाही ने लोगों को हलाकान कर दिया है। सारागांव विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले दर्जनों ग्राम पंचायतों में इन दिनों बाद भी घंटों बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ़ गई है। खासकर देवरी सारागांव, कमरीद, कोसमंदा, जाटा, अमरूवा, चोरिया, मुडपार अफरीदी सहित अन्य जगहो पर बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली गुल कर दी जा रही है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। रात के समय बिजली गुल होने से जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बढ़ गया है।

## बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे अधिकारी-कर्मचारी

**जांजगीर-चांपा।** आगामी लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के सभी तरह के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया है। अतिआवश्यक होने पर कार्यालय प्रमुख (जिन्हें सामान्य स्थिति में अवकाश स्वीकृत करने की अधिकारिता है) 01 दिवस का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत कर सकेगें परन्तु मुख्यालय छोडने की अनुमति नहीं देंगे। एक दिवस से अधिक अवकाश स्वीकृति एवं मुख्यालय छोडने की अनुमति हेतु कार्यालय प्रमुख, अनुशंसा सहित मूल आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने जिले में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को आदेशित किया है कि वे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न तो अवकाश पर प्रस्थान करेंगे और न ही मुख्यालय छोडेंगे। बीमारी के संबंध में अवकाश आवेदन पत्र के साथ जिला मेडिकल बोर्ड जांजगीर-चांपा द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन स्वीकारा नहीं किया जाएगा। अवकाश अवधि में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को पत्र, आदेश तामील करवाने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय प्रमुख की होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## कॉलेजों में नए शिक्षा सत्र से 38 विषयों में होगी पढ़ाई

**जांजगीर-चांपा।** आगामी शिक्षा सत्र 2024-25 से कालेजों में भी नई शिक्षा नीति लागू होगी । इसके तहत स्नातक पाठ्यक्रम 4 साल का होगा। उच्च शिक्षा विभाग ने इस आधार पर सिलेबस बनाने का काम शुरू कर दिया है। विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकों की टीम बनाकर उन्हें जिम्मेदारी दी गई है और 20 अप्रैल तक सिलेबस तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा है। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों के लिए शारीरिक शिक्षण ग्रंथालय विज्ञान (लाईब्रेरी साइंस) सहित 38 विषय अध्ययन की सुविधा दी गई है। विद्यार्थी सुविधानुसार विषय का चयन कर सकेंगे। नई शिक्षा नीति में स्नातक पाठ्यक्रम 4 साल का होगा। एक साल पढ़ाई करके छोड़ने वाले को भी सर्टिफिकेट मिलेगा जबकि 2 साल पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी को डिप्लोमा, 3 साल में पढ़ाई छोड़ देने वाले को डिग्री और 4 साल तक पढ़ाई करने वाले को संबंधित विषय में आनर्स की डिग्री मिलेगी, जिन कालेजों में जिस विषय के शोध केंद्र की सुविधा है वहां के विद्यार्थियों को आनर्स विथ रिसर्च की डिग्री मिलेगी और ऐसे विद्यार्थी सीधे पीएचडी भी कर सकते हैं। उन्हें स्नातकोत्तर की डिग्री की जरूरत नहीं होगी। हालांकि इसके लिए विद्यार्थी को निर्धारित सीजीपीए के मुताबिक अंक प्राप्त करना होगा। नई शिक्षा नीति से विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम में आमूल चूल परिर्वतन होगा। मुख्य विषय के साथ विद्यार्थी को एईसी (एबिलिटी इन्हेचमेंट कोर्स) का सबजेक्ट हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत में से एक विषय पढ़ना होगा। हालांकि प्रारंभ के 2 साल तक इसकी पढ़ाई करनी होगी। इसके अलावा जीईसी (जेनरिक एक्टिव कोर्स ) और एसीसी (स्कील इन्हेचमेंट कोर्स) , वीएसी (वेल्यूएडेड कोर्स) की भी पढ़ाई करनी होगी। वीएसी के तहत एक पाठ्यक्रम विद्यार्थी को लेना होगा। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, लाईब्रेरी साइंस , होम साइंस , कंप्यूटर , खेल , डांस , पेंटिंग आदि विषय होंगे।

## हर भारतीय के लिए प्रेरणास्पद है बाबा साहब अंबेडकर का जीवन संघर्ष

**जांजगीर-चांपा।** सूर्यांश विद्यापीठ सिवनी (नैला) में 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण से हुआ। ताराचंद रत्नाकर ने कहा कि हर भारतीय के लिए बाबा साहब अंबेडकर का जीवन संघर्ष प्रेरणास्पद है। उन्होंने व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता से पूर्व भारत में सभी के लिए शिक्षा की व्यवस्था नहीं होने पर भी बिना पानी पिए प्यासा रहकर कक्षा से बाहर पढ़कर बाबा साहब ने अपनी प्रखर मेधा शक्ति का परिचय दिया है। व्याख्यानमाला में राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक देव कुमार सूर्यवंशी, शुक्ला प्रसाद सूर्यवंशी, हरदेव टंडन, फिरत राम किरण, मोहरसाय खरसन, संजय फर्वे, बूंद राम सूर्यवंशी एवं मनहरण लाल हंसराज विशिष्ट वक्ता के रूप में मंचासीन थे। व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए विशिष्ट वक्ता राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक देव कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चल कर ही भारत विश्व में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। समाज में जागरूकता लाने वाले महापुरुष सहसराम देव, मोहरसाय देव, मालिकराम देव, सखाराम देव एवं देवमन देव के द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया। आधुनिक भारत के निर्माण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान शीर्षक पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रशांत कुमार सूर्यवंशी एवं सुधा खरसन ने अपने विचार व्यक्त किए।

### मंदिरों में मतदान जागरूकता के लिए दिलाई गई शपथ

# रेलवे स्टेशनों में उद्घोषणा कर मतदान के लिए की जा रही अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टर की विशेष पहल पर रेलवे स्टेशनों में उद्घोषणा कर लोकसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने अपील की जा रही है। इसके अलावा मंदिरों में भी शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई।

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है । इस कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा द्वारा विशेष पहल करते हुए जिले के रेलवे स्टेशन में उद्घोषणा कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का उपयोग करने की अपील की जा रही है। इसका सकारात्मक प्रभाव रेल यात्रियों पर पड़ रहा है। वे अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक हो रहे हैं। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) अन्तर्गत कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए विविध आयोजन हो रहे हैं । इस कड़ी में जांजगीर चांपा जिले के स्टेशनों में यह उद्घोषणा कराई जा रही है जिसने जांजगीर चांपा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 में 7 मई को होने वाले मतदान पर्व में मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की जा रही है । इसी तरह जिले में जनपद पंचायत बलौदा की ग्राम पंचायत डोंगरी (आदिशक्ति मां सरई श्रृंगारिणी मंदिर) व पहरिया (अन्नाधारी माता मंदिर) में मतदान जागरूकता हेतु शपथ दिलाई गई। वही हसदेव के हीरो (युवोदय वॉलिंटियर्स) द्वारा नहरिया बाबा मंदिर जांजगीर में फ्लैश मोब के माध्यम से नगरवासियों को शत-प्रतिशत मतदान करने के प्रति प्रेरित किया गया। इसके अलावा विभिन्न ग्राम पंचायतो में दीवार लेखन के माध्यम से लोगो को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।




### स्व सहायता समूह की महिलाएं कर रही मतदाताओं को जागरूक

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सहायता समूह की महिलाओं ने सोमवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली, रंगोली सजाकर और हाथों में मेंहदी लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। आज जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत उन्नति महिला संकुल संगठन बिर्रा मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम रखा गया जिसमे मतदाता शपथ, रंगोली एवं मेहदी आदि जागरूकता हेतु रखा गया उपस्थित समस्त बिहान कैडर संकुल, ग्राम संगठन पदाधिकारी शामिल हुए। इसी प्रकार जनपद पंचायत अकलतरा के पोड़ी दल्हा कलस्टर में सभी केडर कलस्टर पदाधिकारी, ग्राम संगठन पदाधिकारी के द्वारा मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अकलतरा के नरियरा कलस्टर से सभी केडर,कलस्टर पदाधिकारी, ग्राम संगठन पदाधिकारी



द्वारा मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत अकलतरा के कोटमिसोनार कलस्टर में केडर, कलस्टर पदाधिकारी,ग्राम संगठन पदाधिकारी द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। नवागढ़ जनपद पंचायत की संकुल स्तरीय संगठन, कटौद अंतर्गत ग्राम पंचायत- खैरताल में स्व सहायता समूहों की सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।



108 संजीवनी एक्सप्रेस की टीम।

## 3 माह में दो हजार से भी अधिक लोगों के लिए संजीवनी बनी 108

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में संजीवनी 108 के माध्यम से लोगों को बेहतर और त्वरित आपातकालीन निःशुल्क सेवा का लाभ मिल रहा है। बीते 3 माह में जांजगीर- चाम्पा जिले में 2 हज़ार से भी अधिक लोगों के लिए 108 संजीवनी बनी है। सक्ती जिले में भी 920 लोगों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया है।

108 की सेवा निरंतर अपने नाम के अनुरूप घायलों, मरीजों को त्वरित आपातकालीन सेवा प्रदान करते हुए जिले वासियों के लिए संजीवनी की भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में जांजगीर चाम्पा जिले में बीते 3 माह के दौरान जिले के 2 हज़ार से अधिक लोगों की जान बचाने में 108 संजीवनी एक्सप्रेस ने अपनी सार्थक भूमिका निभाई है। संचालन करने वाली संस्था जे.ए.ई.एस द्वारा बताया गया कि जनवरी, फरवरी और मार्च में कुल 2198 लोगों को आपातकालीन सेवाओं का लाभ पहुँचाया गया है। जिनमें आरटीए के 241, प्रेग्नेंसी 106, जहर सेवन के 121, सुसाइड एटेम्प्ट के 5, , एनिमल बाईट 19 एवं सर्दी, खांसी, चेस्ट पेन, बुखार, सिर दर्द, उल्टी-दस्त, एलर्जी, पीठ दर्द, डायरिया फ़्रैक्च, बर्न, डायबिटिज सहित अन्य बीमारियों के 1704 के लाभर्थियों को सेवा दी गई है। इसी तरह जांजगीर-चाम्पा से पृथक जिला बने सक्ती में बीते 3 माह के दौरान कुल 920 लोगों को आपातकालीन सेवा प्रदान कर उनकी जान बचाने में 108 संजीवनी एक्सप्रेस की टीम द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई गई।

**खास बात**

- सक्ती जिले में भी 920 लोगों को पहुंचाया गया हॉस्पिटल

## लीनेस क्लब सक्ती ने मनाया ईद मिलन




**सक्ती।** ऑल इन्डिया लीनेस क्लब्स ने ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। सभी ने एक-दूसरे को गले लगा ईद की मुबारक बाद दी। बड़ों ने उन्हें उपहार स्वरूप ईदी दी तथा मीठी-मीठी सेवाईयो का स्वाद लिया। ऑल इन्डिया लीनेस क्लब्स सी एम-1 संपदा सक्ती की लीनेस शहनाज़ बानो एवं लीनेस निकहत करीम खान ने ईद मिलन कार्यक्रम एरिया सचिव लीनेस अनीता सिंह के निवास में रखा। ईद उल फितर का त्योहार पूरे देश में रमज़ान का पाक महीना पूरा होने के बाद धूमधाम से मनाया जाता है यह ईद का त्योहार भाईचारे एवं खुशियों का त्योहार है सभी ने एक-दूसरे को गले लगा ईद की मुबारक बाद दी। बड़ों ने उन्हें उपहार स्वरूप ईदी दी तथा मीठी-मीठी सेवाईयो का स्वाद लिया। सभी क्लब के सदस्यों ने खुशी जताई। इस अवसर पर एरिया आफिसर शालू पाहवा, क्लब अध्यक्ष लीनेस विजया जायसवाल, अमृता सिंह, अनीता राठौर, रामकुंवर साहू, अल्का कंवर, पूनम साहू, लक्ष्मी रेडी, कालेश्वरी साहू, मनीषा भारद्वाज, प्रिया दुबे, मीरा देवांगन, विनीता जायसवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनेगा खाटू श्याम मंदिर का तेरहवां वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय श्याम बाबा सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2024-2026 की प्रथम बैठक सोमवार 15 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से मंदिर परिसर में संपन्न हुई जिसमें आगामी 9 मई को मंदिर का तेरहवां वार्षिकोत्सव (स्थापना दिवस) धूमधाम से दो दिवसीय मनाये जाने का निर्णय लिया गया।

- श्याम बाबा सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक संपन्न

संपन्न बैठक में समिति के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल एवं सचिव अंकित मोदी ने बताया कि इस वर्ष श्याम मंदिर का तेरहवां वार्षिकोत्सव आगामी 9 मई को धूमधाम से मनाये जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत यह तय किया गया कि इस वर्ष मंदिर का स्थापना दिवस 8 और 9 मई को मनाया जाएगा। इसके तहत प्रथम दिन 8 मई को स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से सायं 5 बजे श्याम मंदिर तक श्याम भक्तों द्वारा भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन के दूसरे और अंतिम दिन 9 मई को सायं 7 बजे से गौशाला मार्ग स्थित डिडवानिया काम्पलेक्स के पीछे कुश वाटिका में श्याम बाबा के भजन-कीर्तन की प्रस्तुति देश के ख्याति प्राप्त भजन गायकों द्वारा की जावेगी। यहां श्याम बाबा का भव्य दरबार लोगो के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहेगा। सभी श्याम भक्तों के लिए यहां प्रसाद और भंडारे की व्यवस्था भी की जायेगी। इस तरह मंदिर का तेरहवां वार्षिकोत्सव दो दिवसीय रूप में भव्यता के साथ मनाये जाने को लेकर संपन्न बैठक में जरूरी निर्णय लिये गये। इसके अलावा श्याम मंदिर की भव्यता बढ़ाने को लेकर भी संपन्न बैठक में आवश्यक निर्णय लिये गये। बैठक में अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, सचिव अंकित मोदी, विकास मोदी के अलावा संरक्षकगण रामनारायण मोदी, सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष किशोर मोदी, उपाध्यक्ष दिनेश केडिया, राज अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष तथा मीडिया प्रभारी शैलेश कुमार शर्मा, मीडिया सह प्रभारी आशीष अग्रवाल, सौमिल मोदी, शुभम अग्रवाल, रितेश बरेलिया, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, घनश्याम मोदी, अशोक अग्रवाल, गजेन्द्र अग्रवाल, उदय शर्मा, अखिलेश मोदी, किशन मित्तल, पंकज अग्रवाल, संदीप मित्तल, देवेन्द्र अग्रवाल, किशन मित्तल, रजत अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।



खाटू श्याम मंदिर में मौजूद समिति के सदस्य।

## पूजा-अर्चना के साथ नवीन तहसील कार्यालय में काम काज शुरु

**तुस्मा।** तुस्मा बाईपास में निर्मित नवीन तहसील कार्यालय में बुधवार को पूजा-अर्चना के साथ यहां विधिवत कामकाज शुरु हुआ। काम काज शुरु होने से पहले नायब तहसीलदार संजय कुमार बरेठ, रीडर अरविंद यादव, पटवारी प्रमोद कश्यप पूजा-अर्चना की। धार्मिक ग्रंथों में मान्यता है की किसी भी शासकीय कार्यालयों में प्रवेश करने से पहले पूजा अर्चना करने से शुभ माना जाता और सभी बिगड़े कार्य पूर्ण होते हैं। ज्ञात हो की शिवरीनारायण तहसील कार्यालय के सभी काम काज की सभी दस्तावेज, अलमीरा, टेबल, कुर्सी नवीन तहसील कार्यालय में शिफ्ट किया गया है। अब जो भी शासकीय काम काज होंगे वे सभी काम काज नवीन तहसील कार्यालय में होंगे। अब लोगों को काम काज के लिए शिवरीनारायण जाने की बजाय अब तुस्मा की नवीन तहसील कार्यालय आना होगा। इस मौके पर लाईन मेन वीरेन्द्र बंजारे, पंच खिलावन साहू गणेश पटेल,जैनेंद्र साहू, रवि पटेल मिडिया प्रभारी सुरेश कुमार साहू मौजुद रहे।



## जर्वे-पिसौद मार्ग में जगह-जगह गड्ढे लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जर्वे से पिसौद एवं पीथमपुर जाने वाले मार्ग में जगह-जगह गड्ढे बन गए है। ऐसे में इस मार्ग से होकर गुजरने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत जर्वे से पिसौद बिरगहनी एवं पीथमपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क बद से बदतर हो चली है, जिसके चलते इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चे एवं स्टाफ को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जर्वे मुख्य मार्ग में स्कूल के पास से खराब हुआ मार्ग गांव के अंतिम छोर तक जाता है। ऐसे में लोगों को गंदगी युक्त मार्ग से होकर आवाजाही करने की मजबूरी बनी रहती है। ऐसा भी नही की इस बात की जानकारी जनप्रतिनिधियो के द्वारा उच्च अधिकारियों को ना दी गई हो, लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

## शराब पीने से मना करने पर गर्भवती पत्नी को पति ने जमकर पीटा

**जांजगीर-चांपा।** जिला के पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बोरसी में एक शराबी पति को शराब पीने से मना करना उसकी गर्भवती पत्नी को भारी पड़ गया। पति ने गाली-गलौज करते हुए जमकर पिटाई कर दी। पत्नी ने इसकी शिकायत पामगढ़ थाना में की है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बोरसी निवासी प्रियंका टंडन पति सचिन टंडन उम्र 20 साल वर्तमान में 7 माह की गर्भवती है। 15 अप्रैल को उसका पति सचिन टण्डन घर में शराब पीकर सोया था। दोपहर में जब वह सोकर उठा तो उसने अपनी पत्नी से खाना मांगा और खाना खाया। अपरान्ह करीब 3 बजे उसने उसकी पत्नी प्रियंका ने अपने पति को शराब पीन से मना किया। इस पर उसका पति गाली गलौज करते हुए आवेश में आकर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का व लात से मारपीट की। वहीं उसका सिर को दिवाल में टकरा दिया जिससे उसकी बांये आंख, पीठ, सिर व पेट मे चोटें आई है। प्रियंका ने इसकी सूचना फोन पर अपनी परिजन को दी। जानकारी मिलने के बाद उसकी मां लीम्बू बाई सिन्हा एवं चाचा छोटेलाल सिन्हा ग्राम पहुंचे। यहां से उन्होंने पामगढ़ थाना पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



# जिले के सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था करें सुनिश्चित : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

- कलेक्टर ने अधिकारियों की ली बैठक, सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करने के दिए निर्देश



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्र निष्पक्ष रूप से निर्वाचन कार्य संपन्न कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस दौरान आचार संहिता का पालन सभी अधिकारी-कर्मचारी सक्रियता से पालन करें। उन्होंने कहा कि जिसे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह अधिकारी उस कार्य से संबंधित जानकारी रखें एवं दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें।

कलेक्टर ने कहा कि पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं से कोई मतदाता वंचित न रहे और पलायन करने वाले मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करें। उन्होंने मतदान केंद्रों में सभी मुलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने कहा साथ ही दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था जैसे - बिजली, पानी और छाया के उचित इंतजाम किए जाने कहा। उन्होंने कहा कि एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी की टीम सतत रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप की गतिविधियों का संचालन सतत रूप से चलाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री छिकारा ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए जिले में नामांकन की प्रक्रिया 12 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है। नाम निर्देशन के लिए 19 अप्रैल तक समय प्रातः 11 से 03 बजे तक निर्धारित किया गया है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल को होगी। नाम वापसी की तिथि 22 अप्रैल है। इस दौरान सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी आदि उपस्थित रहे।

